**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**0000**

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भारत के आतंकवाद के खिलाफ सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप, कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। ये प्रतिनिधिमंडल अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्क के तहत विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से संपर्क कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्जीमरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सफल यात्रा से आज सुबह स्वदेश लौटा। दो और प्रतिनिधिमंडल भी आज वापिस भारत लौटेंगे। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बैजयंत पांडा ने इस दौरे को सफल बताया और कहा कि जिन देशों की उन्होंने यात्रा की है, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ये देश भारत की चिंताओं को समझते हैं और उन्हें किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। बैजयंत पांडा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अहिंसा के सिद्धांत में भरोसा रखता है।

प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का उद्देश्य पहलगाम में आतंकवादी हमले और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में तथ्यों को साझा करना था।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल –2

जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय कुमार के नेतृत्व में एक और प्रतिनिधिमंडल भी आज शाम वापस लौटेगा। इससे पहले, आज उन्होंने मलेशिया की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर संसदीय विशेष समिति के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष से भी मुलाकात की। अपनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवाद के सभी प्रारूपों के खिलाफ भारत की कतई बर्दाश्तल न करने की नीति का कड़ा संदेश दिया। इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील में वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें की।

## फ्लावर शो

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की धूम है। उत्सव के दौरान जहां कई सांस्कृतिक कार्यक्रम लोंगों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं वहीं जिला प्रशासन के

सहयोग से सेजिज संस्था द्वारा आयोजित फ्लावर शो भी पर्यटकों व स्थानीय लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। तीन दिन तक चलने वाले फ्लावर शो में बागवानी, लोक निर्माण विभाग और अन्य संगठन व फूलों की खेती करने वाले किसान भाग ले रहे हैं। फ्लावर शो में बागवानी से जुड़ी कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिसमें प्रतिभागी अपने सजावटी पौधों और फूलों की अनूठी कलाकृतियों के जरिए दर्शकों को लुभा रहे हैं। सेजिज संस्था की अध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी ग्रीष्मोत्सव में फ्लावर शो लगाया गया है ताकि लोगों को इसकी खेती करने को लेकर प्रोत्साहित किया जा सके।

फ्लावर शो में देश–विदेश से लाए गए फूलों की सैकड़ों किस्में प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें गुलाब, गेंदा, डहेलिया, ऑर्किड, ट्यूलिप और कैक्टस जैसे फूल शामिल हैं जिन्हें लोग खरीद रहे हैं।

रितेश / पीटीसी–योगराज

**भूभु–जोत**

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंडी जिला की दुर्गम चौहार घाटी के लोग बीते 20 वर्षों से भूभु–जोत सुरंग के निर्माण की राह देख रहे हैं। घाटी की बरोट पंचायत के प्रधान रमेश कुमार व अन्य लोगों ने बताया कि सुरंग के निर्माण से मंडी और कुल्लू जिला आपस में जुड़ जाएंगे। इससे स्थानीय लोगों को सुविधा होगी और सेना को भी लेह तक आवाजाही में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुरंग बनने के बाद जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्वरोजगार के साधन भी बढ़ेंगे। लोगों ने केंद्र सरकार से सुरंग के जल्द निर्माण की मांग की है।

***टनल के बनने से हमारा जो कनैक्टीविटी है, जो हमारा आर्मी का आना–जाना एक दम सुगम तरीके से हो जाएगा।***

***अगर भूभु–जोत टनल जोत बन गई तो एक तो जो कुल्लू है, यहां चौहार वैली से जुड़ जाएगा। तो यहां के लोकल लोग हैं, उन्हें फायदा होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।***

***हम चाहते हैं कि भुभू–जोत टनल का निर्माण है, वो जल्दी से जल्द हो जाए, टूरिज्म की दृष्टि से, टूरिज्म के एरिया के हिसाब से बरोट जो है वो काफी ज्यादा डिवलप है, लेकिन यहां बरोट की क्नैक्टिविटी ट्रांसपोर्ट की दिक्कत बहुत ज्यादा क्रिएट कर रही है यहां पर....***

**शहीद**

सिरमौर जिले में नाहन उपमंडल के बड़ाबन गांव के 27 वर्षीय लांस नायक मनीष ठाकुर बीते एक जून को सिक्किम के छतैन में भूस्खलन की चपेट में आने से देश के लिए शहीद हो गए थे। मनीष ठाकुर की शहादत से क्षेत्र में शोक की लहर है। सिरमौर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के उप निदेशक मेजर दीपक धवन ने बताया कि शहीद मनीष की पार्थिव देह के आज शाम तक उनके पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है। शहीद मनीष ठाकुर वर्ष 2016 में भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट में भर्ती हुए थे।

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लांस नायक मनीष ठाकुर की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेशवासियों को उन

पर गर्व है और उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। अग्निहोत्री ने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार उनके साथ है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा प्रवास के दौरान वनखंडी में जू पार्क में बनने वाले अस्पताल, प्रशासनिक ब्लॉक, फूड कोर्ट की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा वे हरिपुर में एक जनसभा को संबोधित करने के अलावा यहां कई विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास करेंगे। दोपहर बाद वे देहरा में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीती रात कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है, जिससे तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज व कल के लिए राज्य में अधंड़ व बिजली चमकने का आरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है। पांच जून तक प्रदेश में मौसम के खराब रहने का अनुमान है।

**जागरूकता**

देशव्यापी नशामुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में एक जून से 26 जून तक जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इस कड़ी में कुल्लू जिला उपायुक्त तोरूल एस. रवीश की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें उन्होंने अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के आयोजन को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरूपयोग व अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर विभिन्न विभागों के सहयोग से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें योग, फिटनैस कैंप, नुक्कड़ नाटक, स्कूलों व महाविद्यालयों में सेमीनार सहित जागरूकता रैलियों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जाएगा।